1	2	3
16.	Jorhat	14
17.	Sibsagar	12
18.	Dhubri	10
19.	Kokrajhar	6
20.	Karbianglong	4
21.	Marigaon	2
22.	Karimganj	13
23.	Sonitpur	19
		256

Attachment of pension of retired officers

2028. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the details of officers in the level of Deputy Director General and above of the Department of Communications who have received pension attachment orders after retirement;

(b) whether it is a fact that some retired officials were holding Government accomodation beyond the stipulated period of stay with the permission of his predecessors; and

(c) if so under what circumstances pension or pension relief of some officials have attached?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the table of the House.

कुल्लू जिले में शाखा-डाकघर खोला जाना

2029. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या संचार मंत्री 7 दिसम्बर, 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 406 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने गांव बारी, ग्राम पंचायत सौंगी, जिला कुल्लू में शाखा-डाकघर खोलने का निर्णय कब लिया था;

(ख) उपरोक्त डाकघर में विभागीय एजेंटों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार के लिए कौन सी तिथि निर्धारित की गई थी;

(ग) उपरोक्त साक्षात्कार में विभिन्न पदों के लिए किन-किन प्रत्याशियों ने आवेदन किया था;

(घ) उपरोक्त नियुक्तियों हेतु किन-किन औपचारिकताओं की कमी के कारण उक्त शाखा-डाकघर का खोला जाना स्थगित कर दिया गया था तथा ऐसा किसके आदेश से किया गया था;

(ङ) क्या उपरोक्त डाकघर खोल दिया गया है; और

(च) यदि हां, तो किस तारीख को ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) कुल्लू जिले के ग्राम-बारी, ग्राम पंचायत सौंगी में शाखा-डाकघर खोलने का निर्णय 17-9-93 को लिया गया था।

(ख) शाखा कार्यालयों में अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की नियुक्त के समय साक्षात्कार का कोई प्रावधान नहीं है। इनकी नियुक्ति रोजगार कार्यालय से जो नाम प्राप्त होते हैं, उनमें से शैक्षिक योग्यता, आय के साधन तथा आवासीय अपेक्षाओं के आधार पर की जाती है।

(ग) इस संबंध में, अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के दो पदों के लिए रोजगार कार्यालय से निर्धारित समय-सीमा के भीतर कोई नाम प्राप्त नहीं हुआ था। बाद में जारी की गई सार्वजनिक सूचना के आधार पर अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर के पद के लिए केवल श्री धर्मपाल/धर्मचन्द पुत्र श्री खामाराम से ही एक आवेदन प्राप्त हुआ था। अतिरिक्त विभागीय वितरण एजेंट के पद के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था।

(घ) जब अतिरिक्त विभागीय एजेंट के पद पर नियुक्ति के लिए केवल एक ही उम्मीदवार का नाम प्राप्त होता है, तब नियुक्ति करने से पूर्व उच्चतर प्राधिकारी की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होता है। चूंकि इस मामले में इस प्रक्रिया का पालन किए बिना अनंतिम आधार पर नियुक्ति की जानी थी, जिसकी वजह से शिकायतें प्राप्त हुई, इसलिए वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर मंडी के आदेशानुसार डाकघर खोलना स्थगित कर दिया गया।

(ङ) और (च) रोजगार कार्यालय को 19.1.1994 को पुनः लिखा गया व अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर के पद के लिए चार नाम प्राप्त हुए, जिनके कागजातों की जांच की जा रही है। तथापि, अतिरिक्त विभागीय वितरण एजेंट के पद के लिए अभी भी कोई नाम प्राप्त नहीं हुआ है। डाकघर का खोला जाना अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने पर निर्भर करता है।

सौराष्ट्र में टेलीफोन की प्रतीक्षा सूची

2030 **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सौराष्ट्र के विभिन्न जिलों में नये टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची की वर्षवार स्थिति क्या थी;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इन जिलों में कितने नये टेलीफोन कनेक्शन जारी किये गये और 31 जनवरी, 1994 की प्रतीक्षा सूची के शेष आवेदकों की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान सौराष्ट्र क्षेत्र में कितने नये टेलीफोन कनेक्शन प्रतीक्षा सूची के अनुसार जारी किये जायेंगे ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) :

(क) प्रतीक्षा सूची की वर्षवार स्थिति

	90–91	91–92	92–93
1. अमरेली	700	1188	1784
2. भावनगर	6090	8017	10409
3. जामनगर	1722	1345	2306
4. जूनागढ़	742	2260	3642
5. राजकोट	8128	10138	13551
6. सुरेन्द्रनगर	1005	1804	1968